Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding funds under Sarv Sikha Abhiyan for establishment of Primary School.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि सर्व शिक्षा अभियान में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर राज्य को फंड दिया जाता है । पिछले दो साल से उस फंड में कमी आई है और राज्यों को फंड नहीं मिला है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री से कहना चाहता हूं कि राज्यों के डिस्ट्रिक्ट्स में जो प्राइमरी स्कूल्स हैं, उनके खंड बहुत जर्जर हालत में हैं । कम से कम मेरे क्षेत्र अमरेली, गुजरात में तीन सौ से ज्यादा खंडों की कमी है, इसलिए यहां से जल्द से जल्द फंड दिया जाए ताकि बच्चों को अच्छी पढ़ाई और सुविधा मिल सके ।